# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–13.04.2025 (संध्या–1900 बजे)

### मुख्य समाचार

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डॉक्टर बी.आर. आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को किया संबोधित, कहा– बाबा साहेब के योगदान से आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण के लिए मिलती रहेगी प्रेरणा।
- मुख्य चुनाव आयुक्त का तीन दिवसीय झारखंड दौरा संपन्न, कहा– झारखंड की बीएलओ दीदियां दिल्ली में देंगी ट्रेनिंग।
- केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का लगाया आरोप, नक्सलवाद और जल संकट को लेकर सरकार को बताया विफल।
- झारखंड पर्यटन रोड शो में मंत्री सुदिव्य कुमार ने झारखंड में निवेश का किया आह्वान, कोलकाता में साझी विरासत और पर्यटन संभावनाओं पर हुई महत्वपूर्ण बैठकें।

और

- आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स 9 विकेट से हराया, शाम साढ़े सात बजे दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियन्स होंगे आमने–सामने।

**********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने डॉ. बी.आर. आंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि बाबा साहब ने अपने प्रेरक जीवन में कई कठिनाइयों के बावजूद एक अलग पहचान बनाई और पूरे विश्व में सम्मान अर्जित किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहब समान अधिकारों के प्रबल समर्थक थे, जिन्होंने महिलाओं और वंचित वर्गों के आर्थिक और सामाजिक अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष किया।

राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान से आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करने की प्रेरणा मिलती रहेगी।

**********************

भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि दशम जलप्रपात जैसी दुर्गम जगहों पर कार्यरत बीएलओ दीदियां देशभर के बीएलओ के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने घोषणा की कि इन बीएलओ को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय ट्रेनिंग प्रोग्राम में बतौर ट्रेनर शामिल किया जाएगा। मौके पर चुनाव आयुक्त ने सभी नागरिकों से 18 वर्ष की उम्र पूरी होते ही मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि झारखंड में मतदाता सूची को लेकर एक भी अपील लंबित नहीं है जो सूची की पारदर्शिता को दर्शाता है।

**********************

केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज गिरिडीह में राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन ठेकेदारी की भेंट चढ़ गया है जिसकी वजह से अब भी लोगों को नल का पानी नहीं मिल पा रहा है। मंत्री ने नक्सलवाद को लेकर भी सरकार को घेरा और कहा कि राज्य में नक्सली बेलगाम हो गए हैं। उन्होंने चाईबासा में शहीद जवान सुनील धान को श्रद्धांजलि अर्पित की और बाबा साहब अंबेडकर को लेकर भाजपा की नीतियों का उल्लेख किया। मौके पर मंत्री ने कार्यकर्ताओं से केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं को ज़मीन पर उतारने का आह्वान किया।

*********************

गोड्डा जिले में हज यात्रा पर जाने वाले 45 यात्रियों को प्रशिक्षण देने के लिए हज प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन श्रम नियोजन एवं उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने किया और हाजियों को अमन–शांति की दुआ के साथ यात्रा की शुभकामनाएं दीं।

*********************

झारखंड पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय टूरिज्म रोड शो में पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने झारखंड–बंगाल की साझी विरासत को रेखांकित करते हुए राज्य में निवेश का आह्वान किया। कोलकाता में आयोजित इस कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित समूहों के साथ बैठकें हुईं, जिनमें पर्यटन निवेश और साझेदारी के विषयों पर चर्चा हुई। मंत्री ने कहा कि झारखंड सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्य नहीं, बल्कि हर मोड़ पर एक कहानी है। पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने निवेशकों को राज्य में प्रोत्साहन नीति और पर्यटन की संभावनाओं पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी।

*********************

पोषण पखवाड़ा के तहत हजारीबाग में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

*********************

दुमका के मसलिया प्रखंड के रांगा गांव में ग्रामीणों ने मोड़े मांझी की बैठक कर संताली भाषा को लेकर कई अहम मांगें उठाईं। ग्रामीणों ने ओलचिकी लिपि में संताली पढ़ाई को केजी से पीजी तक लागू करने, इसे राज्य की प्रथम भाषा घोषित करने और सरकारी भवनों के नामपट्ट ओलचिकी में लिखने की मांग की। मौके पर प्रवक्ता समेश्वर मरांडी ने जानकारी दी कि जल्द मुख्यमंत्री और विधायकों को पत्र भेजकर आंदोलन को तेज किया जाएगा।

*********************

कुछ खेल समाचार–

- आईपीएल क्रिकेट में आज जयपुर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने राजस्थान रॉयल्स 9 विकेट से हराया, एक अन्य मुकाबले में शाम साढ़े 7 बजे दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला मुंबई इंडियंस से होगा।
- इधर गम्हरिया के उपरबेड़ा फुटबॉल मैदान में ग्रामीण क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से गम्हरिया प्रीमियर लीग (GPL) का शुभारंभ हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र बबलू सोरेन ने उद्घाटन मैच से पहले प्रतीकात्मक गेंद खेलकर टूर्नामेंट की शुरुआत की। प्रतियोगिता में 8 टीमें भाग ले रही हैं, जिसमें विजेता को 75,000 रुपये और ट्रॉफी दी जाएगी।

********समाप्त********